फ्रांस में पेरिस एयर शो-2023 के दौरान एयरबस से करार

रिकॉर्ड: इंडिगो ने सबसे बड़ा विमान सौदा किया

नई दिल्ली, एजेंसी। एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने उड्डयन उद्योग के इतिहास में एयरबस को 500 विमानों का सबसे बड़ा ऑर्डर दिया है। इसी के साथ यह दुनिया और भारत की पहली एयरलाइन कंपनी बन गई है, जिसने किसी विमान निर्माता कंपनी के साथ इतना बड़ा एकल सौदा किया है।

देश में इससे पहले एयर इंडिया ने फरवरी में एयरबस और बोइंग के साथ 470 विमानों का करार किया था। इसके लिए कंपनी ने दो बड़े खरीद के समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। इनमें 250 विमान एयरबस को और 220 विमान बोइंग को बनाने हैं। वहीं, वैश्विक स्तर पर यह रिकॉर्ड अमेरिकन एयरलाइंस के नाम था, जिसने 2011 में एयरबस और बोइंग को 460 विमानों का ऑर्डर दिया था।

इस श्रेणी के विमान मिलेंगे : इस खरीद समझौते पर फ्रांस में 'पेरिस एयर शो 2023' के दौरान इंडिगो और एयरबस ने हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत इंडिगो को ए320 नियो समूह के विमानों की आपूर्ति की जाएगी।

970
विमानों का करार इंडिगो और एयर इंडिया ने किया है बीते पांच माह से भी कम समय में

कंपनी के बेड़े में एक हजार विमान शामिल होंगे

इंडिगो के बेड़े में अभी 300 से अधिक विमान हैं। हालांकि, इसने पहले भी 480 विमानों के ऑर्डर दिए थे लेकिन अभी तक उनकी आपूर्ति नहीं हो पाई है। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि वर्ष 2030 से लेकर 2035 की अवधि के लिए किए गए 500 अतिरिक्त विमानों के ऑर्डर के साथ ही कंपनी के बेड़े में करीब 1,000 विमान हो जाएंगे। यह सौदा उड्डयन क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है।

घरेलू प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी

घरेलू स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी इंडिगो के पास मौजूदा समय में भारत के घरेलू बाजार की 58 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी है। टाटा समूह में प्रवेश के बाद विमानन उद्योग में अधिक प्रतिस्पर्धा देखी जा रही है। माना जा रहा है कि इसमें और तेजी आएगी।

अंतरराष्ट्रीय उड़ान को मंजूरी

डीजीसीए ने विस्तारा और इंडिगो को अगस्त से नई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के परिचालन की अनुमति दे दी है। विस्तारा नई दिल्ली से बाली के लिए उड़ान शुरू करना चाहती है। इंडिगो नई दिल्ली से जॉर्जिया की राजधानी त्बिलिसी के लिए उड़ान शुरू करेगी।

नोट वापसी से वृद्धि दर रफ्तार पकड़ेगी

मुंबई, एजेंसी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई द्वारा 2,000 रुपये के नोट को चलन से वापस लेने का फैसला चालू वित्त वर्ष में खपत को बढ़ावा देगा। इससे आर्थिक वृद्धि दर को रफ्तार मिलेगी और यह 6.5 प्रतिशत से भी आगे जा सकती है।

सोमवार को जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 8.1 प्रतिशत हो जाएगी और समूचे वित्त वर्ष के लिए 6.5 प्रतिशत वृद्धि का भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का अनुमान भी पीछे छूट सकता है।

अनचाहे कॉल और मैसेज से मुक्ति का इंतजार और बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। ट्राई ने अनचाहे कॉल और मैसेज की पहचान कर उन्हें रोकने के लिए डिजिटल प्लेटफार्म तैयार करने की समयसीमा को छह माह बढ़ा दिया है। अब व्यावसायिक कॉल या मैसेज भेजने वाली संस्थाओं और टेलिकॉम कंपनियों को एआई आधारित व्यवस्था को 30 नवंबर से लागू करना होगा। इससे अनचाहे कॉल और मैसेज से छुटकारा पाने के लिए इंतजार और बढ़ गया है।

ट्राई ने 13 जून को वाणिज्यिक संदेश के लिए गैर-पंजीकृत फर्मों का पता लगाने और कार्रवाई के लिए सभी दूरसंचार कंपनियों को एआई आधारित प्रणाली लगाने का निर्देश दिया था और 30 दिन के भीतर सूचित करने को कहा था। बताया जा रहा है कि कंपनियों ने नया प्लेटफॉर्म तैयार करने के लिए छह महीने का समय मांगा है।

सहमति जरूरी

हालांकि, ट्राई ने व्यावसायिक और सरकारी संस्थाओं को ग्राहकों को कॉल या मैसेज भेजने की छूट दी है लेकिन इसके लिए उनकी सहमति लेनी होगी। बैंक, बीमा, संस्थाओं को सहमति लेने का काम 30 सितंबर तक पूरा करना होगा। बाकी को 30 नवंबर तक का समय दिया गया है।

ई-दोपहिया की बिक्री 76% तक घटी

नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो। सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर सब्सिडी में कटौती करने के बाद इनकी बिक्री में तेज गिरावट आई है। सरकार के 'वाहन' पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, जून के पहले पखवाड़े में केवल 11,862 वाहनों का पंजीकरण हुआ है, जबकि मई की इसी अवधि में करीब 44,700 वाहन पंजीकृत हुए थे। मई के मुकाबले जून में इनकी बिक्री में करीब 76% की गिरावट आई है।

आंकड़ों के अनुसार, मई महीने में हर दिन 3,395 वाहनों की बिक्री होती थी, जो जून में घट कर 1,271 रह गई है। ई-दोपहिया वाहनों की हर रोज होने वाली औसत बिक्री में 62 फीसदी गिरावट हुई है। इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनियों ने आशंका जताई है कि इस महीने में ई-दुपहिया पंजीकरण का आंकड़ा 30 हजार भी पार नहीं कर पाएगा। यह संख्या फरवरी 2022 के बाद सबसे कम रह सकती है। उस महीने केवल 29,000 वाहन पंजीकृत किए गए थे।

22 हजार तक बढ़ाने पड़े कंपनियों को दाम

सरकार द्वारा सब्सिडी घटाने के फैसले के बाद जून के पहले सप्ताह में ही अधिकतर कंपनियों ने अपने ई-वाहनों की कीमतों में छह हजार रुपये लेकर 22 हजार रुपये का इजाफा कर दिया है। इस कारण इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की कीमत में 20 फीसदी से अधिक की वृद्धि हो गई है।

बाजार 30s

शेयर बाजार

सेंसेक्स	निफ्टी
63168 -216.28	18755 -70.55

फुटवियर के गुणवत्ता मानक एक जुलाई से

नई दिल्ली। जूते-चप्पल जैसे फुटवियर उत्पादों के बड़े और मझोले विनिर्माताओं और सभी आयातकों को एक जुलाई से 24 उत्पादों के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानकों का पालन करना होगा। चीन जैसे देशों से खराब गुणवत्ता वाले उत्पादों का आयात रोकने के लिए ये मानक लागू किए जा रहे हैं। भारतीय मानक ब्यूरो के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

बायजू ने एक हजार कर्मचारियों को हटाया

नई दिल्ली। शिक्षा-प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू ने अपनी पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत करीब 1,000 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बायजू ने पहले कहा था कि वह अक्टूबर, 2022 से लेकर अगले छह महीनों में करीब 2,500 कर्मचारियों की छंटनी करेगी। हाल में हुई छंटनी कंपनी की लागत कम करने की प्रक्रिया का ही हिस्सा है।

सोना 70 रुपये टूटा, चांदी 230 रुपये मजबूत

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 70 रुपये की गिरावट के साथ 60,140 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले सत्र में सोना 60,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, चांदी की कीमत 230 रुपये की तेजी के साथ 73,280 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

ईएसआईसी से 17.88 लाख नए सदस्य जुड़े

नई दिल्ली। नयी कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने अप्रैल में 17.88 लाख नए सदस्य जोड़े। श्रम मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इस महीने में लगभग 30,249 नए प्रतिष्ठान ईएसआईसी के तहत पंजीकृत हुए और उनके कर्मचारी ईएसआईसी के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाए गए। मंत्रालय के मुताबिक, अप्रैल में युवाओं के लिए अधिक नौकरियां सृजित हुई।

अपना देश

भावनाएं आहत करने का हक किसी को नहीं: अनुराग

फिल्म विवाद

मुंबई, एजेंसी। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'आदिपुरुष' को लेकर उठे विवाद के बीच केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि किसी को भी लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है। फिल्म के लेखक और निर्देशक हंगामे के बाद कुछ बदलाव करने को तैयार हो गए हैं।

'आदिपुरुष' को इसके संवादों, खराब वीएफएक्स और कुछ पात्रों पर विवाद है। ठाकुर ने फिल्म पर उनके विचार और केंद्र सरकार के रुख के बारे में पूछे जाने पर कहा कि किसी को भी दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इस मुद्दे पर फैसला लिया है। यह उनका काम है। हालांकि उन्होंने सीबीएफसी के फैसले के बारे में विस्तार से नहीं बताया।

340 करोड़ रुपये कमाए

ओम राउत द्वारा निर्देशित फिल्म 'आदिपुरुष' ने तीन दिन में वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 340 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को यह दावा किया। फिल्म में प्रभास भगवान श्रीराम, कृति सेनन माता सीता और सैफ अली खान लंकापति रावण के किरदार में हैं।

अखाड़ा परिषद नाराज

'आदिपुरुष' फिल्म को लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने नाराजगी जताई है। परिषद के अध्यक्ष और निरंजनी अखाड़े के सचिव महंत रविंद्र पुरी ने कहा है कि ऐसे संवाद वाली फिल्मों पर रोक लगाई जानी चाहिए। बड़ा उदासीन अखाड़ा के श्रीमहंत शिवनंद पुरी ने भी इसका विरोध किया।

लखनऊ में फिल्म निर्माता, निर्देशक के खिलाफ तहरीर दी

लखनऊ में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को हजरतगंज कोतवाली पर फिल्म 'आदिपुरुष' के खिलाफ प्रदर्शन किया। फिल्म के निर्माता, निर्देशक व लेखक के खिलाफ केस दर्ज किए जाने के लिए तहरीर भी दी।

केदारनाथ के गर्भगृह में नोट उछालने पर केस

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह में नोट उछालने का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वीडियो में महिला तीर्थयात्री स्वयंभू लिंग के ऊपर नोट उछालती दिख रही है।

बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) की तहरीर पर सोनप्रयाग कोतवाली में केस दर्ज किया गया है। वीडियो वायरल होने के बाद बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजेय ने डीएम और एसपी को मामले में कार्रवाई के लिए पत्र लिखा। यह वीडियो 14-15 दिन पुराना बताया जा रहा है।

किसानों को कम पानी वाली फसलों के लिए प्रोत्साहित करे नाबार्ड : निर्मला

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नाबार्ड से कहा कि वह किसानों को कम पानी खपत वाली फसलों के लिए प्रोत्साहित करे।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की बैठक में सीतारमण ने कहा कि किसानों को मोटे अनाज, दलहन और तिलहन की ओर अपना रुख करने के लिए बढ़ावा देने की जरूरत है।

भूमि घोटाला : छवि रंजन समेत 10 के खिलाफ चलेगा मुकदमा

झारखंड

रांची। रांची में सेना की जमीन समेत भूमि घोटाले से जुड़े अन्य मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन, कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल समेत 10 के खिलाफ मुकदमा चलेगा। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने सोमवार को चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए एक जुलाई को पुलिस पेपर सौंपने का निर्देश ईडी को दिया। ईडी ने जमीन घोटाले से प्राप्त अवैध राशि की मनी लॉन्ड्रिंग के मामले की जांच पूरी करते हुए 12 जून को 10 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मामले में डीसी छवि रंजन, अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, सेना की जमीन के फर्जी मालिक प्रदीप बागची, कोलकाता और रांची में फर्जी कागजात बनाने वाले अफसर अली, सद्दाम हुसैन, इम्तियाज अहमद, तलहा खान, फैयाज खान व बड़गाई अंचल राजस्व उपनिरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद के खिलाफ मुकदमा चलेगा।

पीएफआई मामले में मुमताज तमिलनाडु से गिरफ्तार

पटना। बिहार एटीएस (आतंकवाद निरोधी दस्ता) की टीम ने पटना के फुलवारीशरीफ के पीएफआई मामले में वांटेड अभियुक्त मुमताज अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे तमिलनाडु के तिरिवल्लूर जिले पेरियापल्लम थाना क्षेत्र के कनीगयीपेयर गांव से पकड़ा गया है। वह मूल रूप से पूर्वी चंपारण के मेहसी थाने के हरपुर नाग गांव का रहने वाला है।

बिहार में बिल्डर पर केस दर्ज

पटना। जाने-माने बिल्डर गब्बू सिंह पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने वित्तीय गड़बड़ी में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गब्बू सिंह की कंपनी गोविंद कंस्ट्रक्शन और इनसे जुड़े सभी पार्टनर पर आयकर की कार्रवाई के आधार पर ईडी ने ईसीआईआर दर्ज की है।

रेप के दोषी को 135 वर्ष की सजा

अलप्पुझा। केरल की एक अदालत ने सोमवार को एक व्यक्ति को दो साल पहले अपनी नाबालिग चचेरी बहन के साथ बार-बार दुष्कर्म करने और उसे गर्भवती करने के जुर्म में कुल 135 साल कैद की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 5.1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-48-23-24, दिनांकः 15.06.2023. कार्यः बिलासपुर मंडल के मंडल अभियंता/एसडी-एलएचएस/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एलसी नंबर सीजी-3, सीजी-4, सीजी-8, बीसी-03 और एबी-65 पर विभिन्न आरओबी/आरयूबी के लिए डिजाइन सहित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करना और प्रस्तुत करना। निविदा मूल्यः₹ 99,82,838.43. अमानत राशिः ₹ 1,99,700.00. पूर्णता अवधिः 04 माह।

क्र.संख्या (2) ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-49-23-24, दिनांकः 15.06.2023. कार्यः बिलासपुर मंडल के मंडल अभियंता/एसडी-एलएचएस/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एलसी नंबर सीजी-9, सीजी-10 सीजी-11, सीजी-14 और सीजी-16 पर विभिन्न आरओबी/आरयूबी के लिए डिजाइन सहित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करना और प्रस्तुत करना। निविदा मूल्यः₹ 99,82,838.43. अमानत राशिः ₹ 1,99,700.00. पूर्णता अवधिः 04 माह।

क्र.संख्या (3) ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-50-23-24, दिनांकः 15.06.2023. कार्यः बिलासपुर मंडल के मंडल अभियंता/एसडी-एलएचएस/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एलसी नंबर सीजी-18, सीजी-21, सीजी-23, सीजी-30 और बीके-90 पर विभिन्न आरओबी/आरयूबी के लिए डिजाइन सहित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करना और प्रस्तुत करना। निविदा मूल्यः ₹ 99,82,838.43. अमानत राशिः ₹ 1,99,700.00. पूर्णता अवधिः 04 माह।

क्र.संख्या (4) ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-51-23-24, दिनांकः 15.06.2023. कार्यः बिलासपुर मंडल के झालवाड़ा यार्ड में समपार संख्या बीके-107 का लाइट आरओबी के प्रावधान द्वारा उन्मूलन का कार्य। निविदा मूल्यः ₹ 12,28,30,208.25. अमानत राशिः ₹ 7,64,200.00. पूर्णता अवधिः 15 माह।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः 03.07.2023 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 17.07.2023 के 11.00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक(अभियंता)/
सीपीआर/10/115 द.पू.म.रे., बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी लिमिटेड
14/71, सिविल लाइन्स "केसा हाउस" कानपुर
(An ISO 9001:2015 Certified Company)
अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा ई-निविदा पृथक-पृथक दो भागों में निम्न सामग्रियों हेतु केस्को ई-निविदा वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। ई-निविदायें प्रपत्र पूर्ण कर निविदादाताओं द्वारा वेबसाईट पर खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व अपरान्ह 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त ई-निविदा अगले दिन 15:00 बजे से 17:00 बजे तक वेबसाईट पर सार्वजनिक रूप से खोली जायेंगी। उक्त तिथि को अवकाश घोषित होने पर निविदायें अगले कार्यदिवस में नियत समय पर खोली जायेंगी।

ई-निविदा धनराशि का भुगतान ऑन लाईन एन०ई०एफ०टी०/आर०टी०जी०एस० (खाता सं० 628805018266 आई०एफ०एस०सी० कोड - ICIC0006288) के माध्यम से किया जायेगा। ई-निविदा प्रपत्र निविदा खुलने की तिथि पर दिये गये समय से दो घण्टे पूर्व तक वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। वेबसाईट पर निविदा प्रपत्रों के साथ यू०टी०आर० की स्कैण्ड प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।

ई-निविदा के प्रथम भाग में धरोहर धनराशि का भुगतान ऑन लाईन एन०ई०एफ०टी०/आर०टी०जी०एस० (खाता सं० 628805018266 आई०एफ० एस०सी० कोड - ICIC0006288) के द्वारा स्वीकार किया जायेगा एवं निविदा प्रपत्र के प्रथम भाग में निर्धारित पी०क्यू०आर० एवं तकनीकी अभिलेख होंगे तथा निविदा के द्वितीय भाग में दरें एवम् व्यवसायिक शर्तें होंगी, बिना धरोहर धनराशि के तथा सशर्त निविदायें खोली/स्वीकार नहीं की जायेगी।

निविदा सं०, पात्र फर्में, विवरण, धरोहर धनराशि (रू०), निविदा धनराशि रू० में (जी०एस०टी० के साथ), ई-निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि, ई-निविदा खोलने की तिथि 13/23-24, मूल निर्माता/ अधिकृत विक्रेता, विभिन्न प्रकार के टेस्टिंग उपकरण की आपूर्ति हेतु, 155000/-, 5900/-, 04.07.2023, 05.07.2023, 14/23-24, मूल निर्माता/अधिकृत विक्रेता, 11 के०वी० हॉरिजेन्टल टी०पी०एम०ओ० की आपूर्ति हेतु, 155000/-, 5900/-, 26.06.2023, 27.06.2023, 15/23-24, मूल निर्माता/अधिकृत विक्रेता, 11 के०वी० डी०ओ०फ्यूज सेट की आपूर्ति हेतु, 40000/-, 3540/-, 26.06.2023, 27.06.2023

उपरोक्त ई-निविदा की पूर्ण प्रक्रिया केस्को की ई-टेन्डरिंग वेबसाइट https://etender.up.nic.in के माध्यम से की जायेगी।

तकनीकी योग्यता पूरा न करने वाले निविदादाता के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। सामग्री क्रय की मात्रा घट-बढ़ सकती है।

अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

राष्ट्रहित में बिजली बचायें
(डी०पी० सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता (भण्डार क्रय)
संख्या-252/एस०टी०पी०/ए०-11/2023-2024
दिनांक : 19.06.2023

HIMACHAL PRADESH HORTICULTURAL PRODUCE MARKETING AND PROCESSING CORPORATION LTD, (A Government Undertaking)
hpmc

E-TENDER NOTICE FOR SUPPLY OF SECURITY GUARDS (CIVIL CATEGORY)

Online offers are invited for supply of Security Guards (Civil Category) for the year 2023-24 at HPMC, Lawrence Road, Delhi and Himachal Kissan Bhawan, Azadpur, Delhi. The last date of online receipt of tender is 27th June, 2023 up to 12.00 Pm. The online bid will be opened on the same day. The bid documents details are available online on the website **https://hptenders.gov.in** HPMC reserves the right to accept or reject any or all bids without assigning any reasons.

Regional Manager
HPMC Ltd., Delhi, Tel. No. 011-27187091

केन्द्रीय विद्यालय
सेक्टर-8, आर.के.पुरम, नई दिल्ली
दिनांक 20.06.2023
खुली निविदा सूचना

विद्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कैंटीन सेवा तथा परिवहन सेवा कार्य के लिए अर्ह फर्मों से अलग-अलग निविदा आमंत्रित की जाती है। संबंधित प्रपत्र विद्यालय की वेबसाइट https://rkpuramsec8.kvs.ac.in पर उपलब्ध हैं। पूर्ण आवेदन पत्र संलग्नकों के साथ केवल पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक 10.07.2023 की अपराह्न 4.00 बजे तक स्वीकार्य होंगे।

प्राचार्य

G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव
खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1.	कार्य का नाम	(1) सहायक मंडल इंजीनियर रोहतक के कार्य क्षेत्र में दिल्ली बठिंडा सेक्शन में सीमित ऊंचाई के सबवे के निर्माण किलोमीटर 71/31-72/2 इंदिरा कॉलोनी को श्याम कॉलोनी से जोड़ना (निविदा संख्या 20-W-IV-23-24) (2) वरिष्ठ मंडल अभियंता चतुर्थ के आधीन जींद में प्लैटफॉर्म पर कोच के लिए पानी की सुविधा हेतु कार्य / (निविदा संख्या 21-W-IV-22-23)
2.	अनुमानित लागत	(1) Rs. 5,86,12,131.78 (2) Rs. 1,35,58,652.37
3.	धरोहर राशि	(1) Rs. 4,43,100.00 (2) Rs. 2,17,800.00
4.	ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय	ई-निविदा भरने का समय कार्य 27.06.2023 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 11.07.2023 को 15:00 बजे
5.	निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है	www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है

पत्र संख्या 128-डब्ल्यू/260/निविदा सूचना/NIT 20&21-डब्ल्यू-4-23-24
दिनांकः- 16.06.2023 1877/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली-6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

कार्य का नाम एवं स्थान	उत्तर रेलवे के जींद - पानीपत सेक्शन पर खुकराना यार्ड के निकट किमी 62/7-9 पर समपार फाटक सं 47 के स्थान पर 2 लेन सड़क ऊपरी पुल का निर्माण जिसमे सीमित ऊंचाई सब वे (आंतरिक आकार 5.00 मी x3.15 मी) के साथ डिज़ाइन गर्डर के साथ स्टील कम्पोज़िट गर्डर स्पैन 1x37.280 मी आर डी एस ओ मानक तथा 1x42.580 मी, 1x26.176 मी एस के तथा 1x14.985 मी (एस क्यु एस के वेरिएबल) गैर मानक शामिल है।
अनुमानित परियोजना लागत	रु. 2310.74 लाख
कार्य पूरा करने की अवधि	09 माह
निविदा की सुरक्षा राशि	रु. 13,05,400.00
रेलवे की वेबसाइट पर निविदा दस्तावेज का विक्रय/उपलब्धता	निविदा दस्तावेज 11.30 बजे दिनांक 19.06.2023 से 14.07.2023 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगें।
ई-निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि समय	दिनांक 14.07.2023 को 11.30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 30.06.2023 से 14.07.2023 तक आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है।
ई-निविदा खुलने की तिथि और समय	निविदा 11.30 बजे दिनांक 14.07.2023 को खोली जायेगी। उपयुर्क्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत निविदा सूचना देखी जा सकती है।

सं0 74-डब्लु/1/2/394/डब्लु.ए/शिवाजी ब्रिज दिनांक : 19.06.2023 1888/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

upto 60% off
SALE
kurta Pajama
An attire that symbolizes tradition and comfort
By Economy Sales: 9212758425

Extra fine Fabrics
- Cotton
- Linen
- Silk
- Handloom
- Fashion Fabrics

- Chikan Work
- Traditional Embroidery
- Thread Work
- Sequence Work with churidar/Trouser

- PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
- WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
- JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
- NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
- LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

पश्चिम रेलवे
विज्ञप्ति
जगजीवन राम हॉस्पिटल, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400 008 में अवैतनिक विजिटिंग स्पेशलिस्ट/सुपर स्पेशलिस्ट की नियुक्ति

जगजीवनराम अस्पताल, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008 के विभिन्न विभागों में अनुबंध के आधार पर अवैतनिक विजिटिंग स्पेशलिस्ट के नीचे उल्लेखित पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवेदन ईमेल के जरिए **jrhconnect.apowr@gmail.com** पर **दिनांक 20.06.2023 से 24.06.2023 तक** भेजे जाने चाहिए। रेलवे प्रशासन द्वारा जांच के लिए पात्रता के अनुसार भलीभांति स्वयं सत्यापित वांछित सभी दस्तावेज के साथ आवेदन अपलोड किया जाना चाहिए।

ऑफलाइन आवेदन पांचवीं मंजिल, इटैम्बलिशमेंट कार्यालय, जगजीवनराम अस्पताल में दिनांक 20.06.2023 से 24.06.2023 तक 11.00 बजे से 16.00 बजे तक स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित तिथियों के उपरांत कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। दिनांक 24.06.2023 के उपरांत ईमेल के जरिए प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्पेशलिस्ट/सुपर स्पेशलिस्ट के विभाग/शाखा/पदों की सं./घंटा-दिन-सप्ताह, मानदेय का विवरण नीचे उल्लेखित है:

क्र. सं.	विभाग-स्पेशलिस्ट/ सुपर स्पेशलिस्ट	अवैतनिक विजिटिंग स्पेशलिस्ट/सुपर स्पेशलिस्ट	कुल पद	घंटा/दिन/ सप्ताह की सं.	मानदेय रु.
1.	मेडिसिन-हेमाटोलॉजी	हेमाटोलॉजी (सुपर स्पेशलिस्ट)	01	प्रति सप्ताह/ प्रतिदिन/2 घंटे	20,000/- प्रति माह
2.	मेडिसिन-इंफेक्शस डिजीज	इंफेक्शस डिजीज (सुपर स्पेशलिस्ट)	01	प्रति सप्ताह/ 2 दिन/2 घंटे	20,000/- प्रति माह
3.	मेडिसिन-इंडोक्राइनोलॉजी	इंडोक्राइनोलॉजी (सुपर स्पेशलिस्ट)	01	प्रति सप्ताह/ 2 दिन/2 घंटे	20,000/- प्रति माह
4.	मेडिसिन-नेफ्रोलॉजी	नेफ्रोलॉजी (सुपर स्पेशलिस्ट)	01	प्रति सप्ताह/ 2 दिन/2 घंटे	20,000/- प्रति माह
5.	मेडिसिन-चेस्ट फीजिशियन	चेस्ट फीजिशियन (स्पेशलिस्ट)	01	प्रति सप्ताह/ 2 दिन/2 घंटे	16,000/- प्रति माह
6.	मेडिसिन-डर्मेटोलॉजिस्ट	डर्मेटोलॉजिस्ट (स्पेशलिस्ट)	01	प्रति सप्ताह 4 दिन/2 घंटे	32,000/- प्रति माह
7.	गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी	गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी (सुपर स्पेशलिस्ट)	01	प्रति सप्ताह/ 4 दिन/4 घंटे	60,000/- प्रति माह
8.	पेडिएट्रिक्स	पेडिएट्रिक्स (स्पेशलिस्ट)	01	प्रति सप्ताह/ 2 दिन/02 घं	16,000/- प्रति माह
9.	रेडियोलॉजी	रेडियोलॉजी (स्पेशलिस्ट)	01	प्रति सप्ताह/ 4 दिन/4 घंटे	48,000/- प्रति माह

चयन की प्रक्रियाः
जोनल रेलवे/पीसीएमडी द्वारा चयन हेतु एमडी/सीएमएस/इनचार्ज के नेतृत्व में तीन चिकित्सकों की एक स्थायी कमिटी का गठन किया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी अवैतनिक विजिटिंग स्पेशलिस्ट/सुपर स्पेशलिस्ट की नियुक्ति को अनुमोदित करेंगे।

पात्रता, योग्यता तथा अनुभवः
सुपर स्पेशलिस्टः- न्यूनतम योग्यता डॉक्टरल योग्यता के उपरांत डीएम/एमसीएच अथवा समतुल्य होनी चाहिए।

स्पेशलिस्टः- मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री। पीजी डिग्री हासिल करने के उपरांत संबंधित स्पेशलिटी से संबंधित पेशेवर कार्य में कम से कम 03 वर्षों का अनुभव होना चाहिए।

पीजी डिग्री धारक उपयुक्त उम्मीदवार के उपलब्ध नहीं रहने पर पीजी डिप्लोमा हासिल करने के उपरांत संबंधित स्पेशलिटी से संबंधित पेशेवर कार्य में कम से कम 05 वर्षों के अनुभव रखने वाले पीजी डिप्लोमा धारकों को वरीयता दी जाएगी।

उम्रः पहली बार नियुक्ति के दौरान अधिमान्य उम्र 30 वर्ष से 64 वर्ष के बीच है। निरंतर नियुक्ति की ऊपरी उम्र की सीमा 65 वर्ष तक है।

टिप्पणीः ऊपर उल्लेखित कार्य के घंटे के अतिरिक्त उन्हें आपात स्थिति के दौरान बुलाए जाने पर रविवार तथा छुट्टी के दिन सहित किसी भी दिन (सप्ताह में 04 दिन एवं 02 दिन के लिए) दिन के किसी भी समय अस्पताल में उपस्थित होना होगा।

आवेदक का आवास जगजीवनराम अस्पताल, मुंबई 10 किमी के दायरे के अंदर होना चाहिए। जे.आर. अस्पताल, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई में अवैतनिक विजिटिंग स्पेशलिस्टों की नियुक्ति की सेवाएं दिनांक 30.06.2023 से आगे रेलवे प्रशासन द्वारा सेवा की आवश्यकता सक्षम प्राधिकारी के एचवीएस की योजना के विस्तार का विषय है।

अनुबंध का कार्यकालः किसी भी ओर से एक महीने की सूचना पर किसी भी समय अनुबंध समाप्त किया जा सकता है। इस तरह की अनुबंध समाप्ति के लिए प्रशासन के पास कोई भी कारण नहीं बताने का अधिकार सुरक्षित है।

अधिक जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट **wr.indianrailway.gov.in** NEWS and RECRUITMENT section देखें।
0320
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly